# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 19.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 19.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना सरधुवा पुलिस ने नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 13.01.2025 को वादी द्वारा थाना सरधुवा में सूचना दी थी कि सिकन्दर खान पुत्र ज्ञानी खान निवासी दरसेड़ा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट द्वारा मेरी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री का जबरन हाथ बांधकर पकड़कर घसीटते हुये छेड़छाड़ की तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया है। इस सूचना पर थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 08/2025 धारा 74,76,352,351(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम सिकन्दर खान उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा ने मुकदमें की विवेचना एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 श्री अरविन्द पाण्डेय का निर्देशित किया गया था। उ0नि0 श्री अरविन्द पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा आज दिनाँक 19.01.2025 को अभियुक्त सिकन्दर खान उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री अरविन्द पाण्डेय थाना सरधुवा

2.आरक्षी ललित सोनी

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री कृपानन्दन शर्मा थाना मानिकपुर मय हमराह आरक्षी दीपक कुमार द्वारा अ0स0 29/24 धारा 504/506 भादवि के वारण्टी अभियुक्त रामू प्रसाद मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायण मिश्रा निवासी सुभाषनगर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया ।

(ii). उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समिति थाना कोत0 कर्वी मय हमराह आरक्षी शिवपूजन यादव द्वारा मु0अ0सं0 92/2014 धारा 255,256 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त लक्ष्मी कान्त मिश्रा पुत्र उर्फ शास्वत मिश्रा पुत्र बृजभूषण निवासी बल्दाऊगंज थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

(iii). उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह प्रभारी चौकी गनीवा थाना राजापुर मय हमराह मुख्य आरक्षी चालक वीरेन्द्र कुमार द्वारा मु0नं0 139/2022 मु0अ0सं0 02/2021 धारा 147/323/504 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त गनपत प्रसाद पुत्र स्व0 कैरा प्रसाद निवासी पैकोरा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।